हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 15 डिग्री


11 जान जोखिम में डालकर ग्रामीण कर रहे तालाब पार





12 किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### बसंत पंचमी पर भजन संध्या आज

**धमतरी**। बसंत पंचमी पर स्वर्णकार समाज धमतरी द्वारा 23 जनवरी शुक्रवार को संध्या 5 बजे भजन संध्या सामाजिक भवन में आयोजित की गई है। प्रसिद्ध भजन गायक नवीन सोनी एवं उनके सहयोगियों द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी। तैयारी में स्वर्णकार समाज के नंदकिशोर सोनी, बाली सोनी, भरत सोनी, कमलेश सोनी, घनाराम, दिलीप सोनी जुटे हैं।

### सशिमं जीजामगांव में वार्षिकोत्सव आज

**जीजामगांव**। सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव में बसंत पंचमी के अवसर पर 23 जनवरी को शाम 5.30 बजे वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी है।

### एल नंदन पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव आज

**सिर्री**। ग्राम सिर्री के एल नंदन पब्लिक स्कूल में 23 जनवरी को वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12 बजे होगा। मुख्य अतिथि भानु चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि कुरूद होंगे। विशिष्ट अतिथि रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता हाईस्कूल सिर्री, लिली श्रीवास जनपद सदस्य सिर्री क्षेत्र, देशान्त सिन्हा सरपंच शामिल होंगे। वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों द्वारा हास्य नाट्य, गीत, कविता, लोकगीत सहित विभिन्न कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। यह जानकारी प्रधानपाठक मुकेश साहू ने दी।

जनपद पंचायत के डाटा एंट्री आपरेटर का कारनामा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

# ऑनलाइन गेमिंग की ऐसी लत लगी कि गबन कर शासन के साढ़े आठ लाख फूंक डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

डाटा एंट्री आपरेटर को ऑनलाइन गेमिंग की ऐसी लत लगी कि उसने जनपद पंचायत मगरलोड से साढ़े 8 लाख का गबन कर डाला। इस राशि को अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर ऑनलाइन गेमिंग में उड़ा दिया। जनपद सीईओ की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी डाटा एंट्री आपरेटर को गिरफ्तार कर लिया है।

मामला मगरलोड जनपद पंचायत का है। यहां कलेक्टर दर पर पदस्थ डाटा एंट्री ऑपरेटर धर्मेन्द्र साहू ने जनपद पंचायत कार्यालय से 6 शासकीय चेक की चोरी कर ली। इसके बाद इस चेकों में सीईओ के फर्जी हस्ताक्षर कर राशि अपने खाते में ट्रांसफर करना शुरू कर दिया। जुलाई 2025 से जनवरी 2026 तक उसने कुल 8 लाख 52 हजार 795 रुपए अपने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं एक्सिस बैंक के खातों में ट्रांसफर कर लिया। जब इस गबन की जानकारी जनपद पंचायत के सीईओ दिव्या ठाकुर को हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत मगरलोड पुलिस से की। रिपोर्ट पर मगरलोड थाना में आरोपी के खिलाफ धारा 305 (ई), 318(4), 338, 336, 340 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



### 15 साल की साख एक झटके में खत्म

आरोपी धर्मेंद्र कुमार साहू पिता प्रसादीराम साहू नवागांव का रहने वाला है और 15 वर्षों से जनपद पंचायत मगरलोड में कलेक्टर दर पर डाटा एंट्री ऑपरेटर का कार्य कर रहा था। 5 जनवरी से बिना सूचना के कार्यालय से गायब हो गया था। उसने मोबाइल भी बंद कर दिया था। उसके परिवार ने बताया कि वह 5 जनवरी को ही ऑफिस जाने के लिए निकला था।

### ऑनलाइन गेमिंग ने बनाया घोटालेबाज

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा भैंसमुंडी एवं शाखा मेघा से लेन-देन संबंधी दस्तावेज खंगाला। आरटीजीएस के लिए आरोपी ने फर्जी हस्ताक्षर किए थे, जिसकी जांच की गई। आरोपी के एसबीआई खाते की बैंक ट्रांजेक्शन डिटेल से पता चला कि उसने 1 जुलाई 2025 से 3जनवरी 2026 के मध्य 8 लाख 22 हजार 795 ट्रांसफर किए थे। आरोपी ने पुलिस को बताया कि इस राशि को उसने ऑनलाइन गेमिंग ऐप एलएम एप्लीकेशन में खर्च कर दिया। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

### पासबुक एंट्री से खुली पोल

पासबुक की एंट्री कराने पर पता चला कि शासकीय राशि में हेराफेरी की गई है। डाटा एंट्री ऑपरेटर के गायब रहने से शक और भी गहरा हो गया। इस मामले से उच्चाधिकारी को लिखित में अवगत कराया गया है।

- **दिव्या ठाकुर**, *मुख्य कार्यपालन अधिकारी मगरलोड*

### शिकायत पर कार्रवाई

पंचायत सीईओ ने इस मामले की शिकायत की है कि आरोपी डाटा एंट्री आपरेटर ने चेक की चोरी की है। फर्जी हस्ताक्षर कर शासकीय राशि का गबन किया है। रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

- **शैलेंद्र कुमार पांडेय**, *अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक*

# आधी रात युवक को लेकर गंगरेल बांध पहुंचे, पत्थर बांध कर पानी में फेंका

- मड़ई में मामूली बात पर हुआ विवाद, कांकेर पुलिस कर रही छानबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



मामूली बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि कुछ लोगों ने एक युवक को बेदम पीटा। इसके बाद युवक को नाव से गंगरेल डैम में तीन किमी तक ले गए और पैर में पत्थर बांधकर पानी में फेंक दिया। इस मामले में पुलिस ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। वहीं गंगरेल बांध में युवक की खोजबीन जारी है।

मामला कांकेर क्षेत्र के देवी नवागांव का है। यहां 18 जनवरी को मड़ई का आयोजन किया गया था, जहां पर बिरनपुर निवासी किशन मंडावी घूमने गया था। मड़ई में झूला झूलने के दौरान कुछ लोगों से उसका विवाद हो गया। युवकों ने किशन को मड़ई क्षेत्र में ही दौड़ा-दौड़ाकर खूब पीटा। जान बचाकर वह अपने गांव बिरनपुर आ गया और अपने साथी मोहरगन शोरी को जानकारी दी। मोहरगन शोरी, किशन सहित कई युवक फिर से मड़ई में पहुंच गए। यहां पर जिस युवक से विवाद हुआ था, वह तो नहीं मिला, लेकिन युवकों का सामना उसके पिता से हो गया। युवकों को देखकर उसका पिता भड़क उठा। उसके तेवर देखकर बाकी युवक तो भाग निकले, लेकिन मोहरगन फंस गया। वहां पर कुछ युवकों ने उसे अधमरा होते तक मारा। इस घटना के बाद से ही मोहरगन लापता है। पुलिस इस मामले में पांच युवकों को हिरासत में लिया है। इन युवकों से पूछताछ जारी है। जानकारी के अनुसार मोहरगन से मारपीट करने के बाद युवक उसे धमतरी जिले के ग्राम बारगरी लेकर पहुंचे। यहां पर रात करीब 3.30 बजे उसे नाव में बिठाकर गंगरेल बांध में तीन किमी तक अंदर ले आए और उसके पैरों में पत्थर बांधकर पानी में फेंक दिया। युवक की तलाश जारी है।

इस मामले की रिपोर्ट कांकेर पुलिस के पास दर्ज कराई गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई। तीन दिन से बांध में युवक की तलाश जारी है। बांध में पानी काफी भरा हुआ है, जिसके चलते गोताखोरों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। गुरुवार तक युवक नहीं मिला है। तलाशी अभियान शुक्रवार को भी जारी रहेगा।

गैर शासकीय संस्था के कर्मचारियों ने की पद से न हटाने की मांग

# मिशन वात्सल्य के कर्मचारियों की नौकरी पर लटकी तलवार

**धमतरी**। मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत एनजीओ द्वारा संचालित बालगृह में कार्यरत कर्मचारियों के बदले संविदा नियुक्ति का विरोध किया गया है। कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्यरत कर्मचारियों को यथावत रखने की मांग की है।

बालगृह बालक धमतरी में स्वैच्छिक संस्था प्रतिज्ञा विकास संस्थान से जुड़कर विगत कई वर्षों से किशोर न्यायालय अधिनियम के तहत मिशन वात्सल्य कार्यक्रम के तहत बालकों की देखरेख एवं संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत अभिषेक साहू, धनंजय साहू, जागेश्वर साहू, मोकेश्वर साहू, लुकेश सिंह ठाकुर, शिवशंकर नाग, हरीश साहू, इंद्रकुमार, धनवारिन बग्गा, विद्या साहू, डीसेंटकुमार, भारत पटेल, योगेश साहू, रत्ना पटेल ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि शासन द्वारा निर्धारित पद अनुरूप



योग्यतानुसार सभी की नियुक्ति हुई है। उन्हें पद अनुरूप मानदेय मिलता है। महिला बाल विकास संचालनालय रायपुर ने कर्मचारी भर्ती विज्ञापन के तहत नई भर्ती करने की योजना प्रारंभ की है। इस संबंध में कार्यरत कर्मचारियों का कहना हैकि बालगृह बालक धमतरी में वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। संचालनालय महिला बाल विकास रायपुर द्वारा विज्ञापन जारी कर आरक्षण प्रक्रिया से भर्ती की जा रही है। कर्मचारियों ने कलेक्टर से मांग की है कि भर्ती प्रक्रिया में उन सभी को पद से न हटाया जाएं। पूर्व की तरह कार्य के लिए उनका स्थान सुरक्षित रखा जाए। कोरोनाकाल के समय परिवार की परवाह किए बना सभी ने कार्य किया है। उनके पद के लिए विज्ञापन जारी करना उनके अधिकारों का हनन है। जारी निविदा पर याचिका दायर कर कर्मचारियों ने कलेक्टर का ध्यानाकर्षण किया है।




## खबर संक्षेप

### सौंगा में मड़ई मेला आज

**मगरलोड।** ग्राम सौंगा में 10 वर्षों बाद ग्रामवासियों व मां शीतला युवा संगठन के तत्वावधान में आज 23 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय मां दुर्गा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी साराबोंग ओडिशा की मनोरम प्रस्तुति होगी। मुख्य अतिथि सरपंच वंदना साहू, विशिष्ट अतिथि राहुल बांधेकर, ग्राम पटेला गोवर्धन साहू होंगे। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष संतोष निषाद, गिरेंद्र साहू ने दी।

### फुसेरा में मड़ई 26 को

**सिर्री।** ग्राम फुसेरा में इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में संगी जहुरिया बिलाईडबरी बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी राजेश साहू ने दी है।

### 27 को बनबगौद में होगी मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम बनबगौद में 27 जनवरी मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बूटाकसा अंबागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ध्रुव, सचिव महेश दास, उपाध्यक्ष वेदलाल एवं कोटवार सुरेशदास मानिकपुरी समेत ग्रामीणजन जुटे हैं।

### ग्राम छाती में मड़ई महोत्सव 25 को

**पुरी।** छाती में सर्व समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई महोत्सव का आयोजन 25 जनवरी रविवार को रखा गया है जिसमें आंगा देवता एवं देवी देवताओं की पूजा-अर्चना होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक होंगे। अध्यक्षता श्रीमती दानेश्वरी तेजेंद्र यादव सरपंच छाती करेंगी। रात्रि में मनोरंजन के लिए भुईयां के श्रृंगार लोकनृत्य नाचा पार्टी ग्राम होच्चेटोला मंगचुवा जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सुरक्षा समिति अध्यक्ष डोमार पटेल, रमेश यादव मंच संचालक, व्यवस्थापक नरेंद्र साहू एवं रामकुमार साहू ने दी।

### लड़ेर में भक्त गुहा निषाद राज जयंती 25 को

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद राज की जयंती 25 जनवरी रविवार को मनाई जाएगी जिसमें विभिन्न मानस मंडली अपनी प्रस्तुति देगी। रात्रिकालीन कार्यक्रम में पंडवानी ख़ेमिन निषाद राजपुर छुरा जिला गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी जिला निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष मोतीराम निषाद एवं लक्ष्मण निषाद ने दी है।

### कांटाकुर्रीडीह में डीजे डांस 26 को

**कुकरेल(धमतरी)।** सांस्कृतिक नव चेतना युवा समिति के तत्वावधान में ग्राम कांटाकुर्रीडीह के इंदिरा चौक में 26 जनवरी को डीजे डांस स्पर्धा का आयोजन किया गया है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10000, द्वितीय 7000, तृतीय 4000, चतुर्थ पुरस्कार 2000 रूपये दिया जायेगा। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5000, द्वितीय 3000, तृतीय 2000 एवं चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपए रखा गया है। एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 4000, द्वितीय 2500 तृतीय 1500 एवं चतुर्थ पुरस्कार 500 रूपये रखा गया है। कार्यक्रम का संचालन जागेश्वर साहू करेंगे। यह जानकारी पूर्व उपसरपंच टार्जन दास मानिकपुरी ने दी है।

## निधन

### श्रीमती कस्तूरी साहू

**धमतरी।** रामसागरपारा वार्ड निवासी श्रीमती कस्तूरी साहू का



लम्बी अस्वस्थता के चलते निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा वर्तमान निवास आंबेडकर वार्ड बांसपारा रोड पुत्र चंदू साहू के निवास से निकली।

---

कुरूद में राइस मिल क्लस्टर गठन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

# एमएसएमई-सीडीपी योजना से राइस मिल उद्योग को बेहतर बाजार के अवसर मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कलेक्टर के निर्देशानुसार कुरूद में राइस मिल उद्योग के समग्र एवं सतत विकास को गति देने के उद्देश्य से एमएसएमई-सीडीपी योजना अंतर्गत राइस मिल क्लस्टर के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर गठन संबंधी एक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक अनुविभागीय दण्डाधिकारी कुरूद नभसिंह की अध्यक्षता में हुई, जिसमें कुरूद राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के प्रमुख राइस मिलर्स ने सहभागिता की।



बैठक में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धमतरी के प्रबंधक प्रशांत चंद्राकर द्वारा जानकारी दी गई। उन्होंने योजना के उद्देश्यों, क्लस्टर आधारित विकास की अवधारणा, उपलब्ध शासकीय वित्तीय सहायता, तकनीकी उन्नयन, लागत में कमी, उत्पादन गुणवत्ता में सुधार तथा प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने जैसे लाभों पर प्रकाश डाला। यह भी बताया कि क्लस्टर मॉडल के माध्यम से छोटे एवं मध्यम उद्योगों को साझा अधोसंरचना सुविधाओं का लाभ मिल सकता है। बैठक के दौरान राइस मिलर्स द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं दक्षता को ध्यान में रखते हुए ईटीपी एवं सोलर एनर्जी जैसी साझा सुविधाओं के विकास हेतु एसपीवी के माध्यम से सीएफसी गठन पर सहमति व्यक्त की गई। मिलर्स ने योजना के प्रति सकारात्मक रुख अपनाते हुए क्लस्टर गठन में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया। एसडीएम ने कहा कि एमएसएमई-सीडीपी योजना के माध्यम से राइस मिल उद्योग को आधुनिक तकनीक, पर्यावरण अनुकूल ढांचे एवं बेहतर बाजार के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में कुरूद राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हितेन्द्र केला सहित क्षेत्र के प्रमुख राइस मिलर्स उपस्थित थे। बैठक को राइस मिल उद्योग के संगठित एवं सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

# रेडियमविहीन डिवाइडर से दुर्घटना की संभावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

कुरूद से पांडुका तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य एडीबी कंपनी द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से पूर्ण कर लिया गया है। मेघा और मगरलोड में सड़क के मध्य डिवाइडर का निर्माण किया गया है। डिवाइडर में रेडियम नहीं होने के कारण रात्रि में राहगीर, बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं।

ज्ञात हो कि मेघा और मगरलोड में निर्मित डिवाइडर में रेडियम नहीं होने से दुर्घटना होने से बाइक सवारों की मौत हो चुकी है। विभागीय अधिकारी की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदार रवैया के कारण सड़क निर्माण पश्चात पब्लिक सूचना बोर्ड तथा रेडियम नहीं लगाने से राहगीरों की मौत हो रही है। सड़क चौड़ीकरण के बाद ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने जिम्मेदार अधिकारियों की घोर लापरवाही उजागर हो रही है। मेघा मगरलोड सड़क मार्ग पर सुबह से देर रात्रि तक हजारों लोगों का आना-जाना होता है जो राहगीरों को खुलेआम दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा हैं।

# जनपद अध्यक्ष ने ली जीवनदीप समिति की बैठक

- आय-व्यय एवं आगामी कार्ययोजना का किया अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत की अध्यक्षता में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परखंदा में जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक हुई जिसमें मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अस्पताल की जरूरतों पर विचार विमर्श कर वार्षिक आय-व्यय व कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।



सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परखंदा में जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय एवं आगामी कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक सम्पन्न होने के उपरांत अध्यक्ष श्रीमती साहू द्वारा अस्पताल में आये हुए मरीजों का हालचाल जाना एवं इलाज के संबंध में जानकारी ली गई। इसके पश्चात सदस्यों व स्टॉफ के द्वारा अस्पताल परिसर में पौधारोपण का कार्य किया गया।

इस अवसर पर उपसरपंच पूनम साहू, विखं कार्यक्रम प्रबंधक रोहित पाण्डेय, एलएचव्ही ईश्वरी साहू, सुपरवाईजर मयाराम साहू, आरएचओ हेमन्त नेताम, मितानिन जानकी निषाद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ज्ञानेश्वरी साहू, ग्रामीण चिकित्सा सहायक केबी पाल, कनिष्ठ सचिवीय सहा. सोमप्रकाश साहू, फार्मासिस्ट लोकनाथ साहू, नेत्र सहायक अधिकारी लीकेश्वर प्रजापति, आरएचओ सुनीता दीवान, लैब टेक्निशियन रिकेश्वर दास, वार्ड आया अंगेश्वरी साहू, सफाई कर्मचारी कामिनी निषाद, गीतांजलि एवं मरीजगण उपस्थित थे।

# बेकार प्लास्टिक बोतलों से तैयार किए उपयोगी प्लांटर

- कन्या महाविद्यालय में हुई प्लांटर डिजाइन स्पर्धा में छात्राओं ने दिखाई दक्षता

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया की अध्यक्षता में भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा पोखराज साहू के मार्गदर्शन में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट गतिविधि अंतर्गत बॉटल से प्लांटर डिज़ाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता एवं अनुपयोगी वस्तुओं के पुनः उपयोग की भावना



को विकसित करना था। छात्राओं ने बेकार प्लास्टिक बोतलों से आकर्षक एवं उपयोगी प्लांटर तैयार किए। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि विद्यार्थियों को रोजगार से जोड़ने का माध्यम भी बन सकती है। पोखराज साहू ने भी छात्राओं को आगे भी इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रथम थमेश साहू, द्वितीय संतोषी मत्स्यपाल एवं तृतीय लालिमा साहू रहे। कार्यक्रम में डॉ. डीआर चौधरी, डॉ. रोहिणी मरकाम, डॉ जेएल पाटले, दानेश्वर साहू, डॉ. जयश्री रणसिंह, डॉ. पूर्णिमा साहू, सतीश साहू समेत छात्राएं उपस्थित रहीं।

# जूडो में सेमरा बी की छात्रा वंशिका का चयन

**बगदेही(धमतरी)।** 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंतर्गत स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन इंफाल (मणिपुर ) में 23 से 28 जनवरी तक किया गया है। इस प्रतियोगिता में 17 वर्ष बालिका वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी की छात्रा वंशिका साहू का चयन हुआ है।

प्राचार्य श्रीमती अंजना दुबे के मार्गदर्शन में व्यायाम शिक्षक टकेंद्र साहू द्वारा खेल की बारीकियां सिखाई जा रही है। वंशिका के चयन पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष चेतनलाल जैन, जिपं सदस्य पूजा सिन्हा, जनपद सदस्य बनिता सिन्हा, सरपंच दुर्गा सिन्हा, विखं शिक्षा अधिकारी सीके साहू, विखं क्रीड़ा प्रभारी सीएल साहू, शिक्षक एसके



साहू, एनएस साहू, व्हीके साहू, एनआर मारकंडे, बीएल यादव, डीके साहू, आरके निषाद, तरुण धीवर, लोकनाथ ढीढी, हेमलता साहू, टीके साहू, खिलेश्वर साहू, श्री गंजीर, श्री सिन्हा, यामिनी, मनीष ध्रुव, तेजराम सिन्हा, लखन्तीन ध्रुव, तोरणलाल ने हर्ष जताया है।

# शाकंभरी महोत्सव में दिया शाकाहार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

मां शाकंभरी महोत्सव का आयोजन 18 जनवरी को ग्राम करगा में किया गया। अतिथियों को शाक सब्जी की टोकरी भेंटकर सम्मानित किया गया एवं नशामुक्ति और शाकाहारी जीवन जीने का संदेश दिया गया। रात्रिकालीन रंगलहर लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति ने ग्रामवासियों का मन मोह लिया। मौके पर कपिल पटेल राज अध्यक्ष,



बैशाखूराम पटेल पूर्व अध्यक्ष, धनेश्वरप्रसाद पटेल तहसील अध्यक्ष कुरूद, नूतनराम पटेल कोषाध्यक्ष, महेन्द्र पटेल सचिव, मकसूदन पटेल उपकोषाध्यक्ष, श्रीमती सावित्री साहू सरपंच, गणेश्वर साहू सरपंच प्रतिनिधि, सोमनाथ निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, डकेश्वर साहू ग्रामीण सचिव, वेदप्रकाश पटेल ग्रामीण कोषाध्यक्ष, भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष साहू समाज, बीरसिंग कोसरिया, सेवकराम साहू ग्राम पटेल, चुन्नूराम यादव, घासूराम पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

# शहीद गैंदसिंग नायक चौक का होगा निर्माण प्रतिमा स्थापित करने चबूतरा भी बनेगा

- बलिदान दिवस पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 14 स्थित गुढ़यिारी तालाब के पास शहीद गैंदसिंग नायक के नाम से चौक निर्माण एवं उनकी प्रतिमा स्थापना हेतु चबूतरा निर्माण किया जाएगा। यह घोषणा नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने शहीद गैंदसिंग नायक के बलिदान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में की। कार्यक्रम में शहीद गैंद सिंग नायक की शहादत को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बलिदान और अंग्रेजों के विरुद्ध किए गए संघर्ष को याद किया गया। अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपनी अध्यक्ष निधि से 3 लाख रुपये की राशि शहीद गैंद सिंग नायक की प्रतिमा स्थापना हेतु चबूतरा निर्माण



एवं सौंदर्यीकरण कार्य के लिए स्वीकृत करने की घोषणा की। वहीं वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद शंकरदेव द्वारा अपनी पार्षद निधि से 2 लाख रुपये देने की घोषणा की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने समाजजनों को 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया गया। सर्व आदिवासी समाज के भवन में 3 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय निर्माण की भी घोषणा की गई।

जनसमुदाय को संबोधित करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि वीर शहीद गैंद सिंग नायक ने बिना किसी आधुनिक हथियार के अंग्रेजों से संघर्ष किया। आज उनकी पुण्यतिथि पर समाजजनों द्वारा दिखाई गई एकता सराहनीय है। मौके पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष उमेश देव, हल्बा समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष उत्तम गौर, जनपद सदस्य शशि ध्रुव, उत्तम मरकाम, श्रीधन सोम, रामलाल श्रीमाली, नरेश सोम दुलेश्वर गौर, डोमार सोम, रचना चिड़ा, शशि कला ध्रुव सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

महापौर रामू रोहरा का प्रयास रंग लाया

# नगर के पाइपलाइन विस्तार को मिली मंजूरी 6.34 करोड़ का बिजली बकाया समायोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महापौर रामू रोहरा के प्रयास से धमतरी शहर को पेयजल व्यवस्था में बड़ी राहत मिलने जा रही है। वर्षों से लंबित अंबेडकर चौक म्युनिस्पिल स्कूल चौक क्षेत्र में जल आवर्धन योजना के तहत पाइपलाइन विस्तार को मंजूरी मिल गई है। यह कार्य 30 जनवरी और 5 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

नगर निगम के अनुसार सड़क क्रॉसिंग की अनुमति (एनओसी) नहीं मिलने के कारण पिछले 12 वर्षों से पाइपलाइन विस्तार अटका था। नेशनल हाईवे मार्ग बाईपास में शिफ्ट होने के बाद पीडब्ल्यूडी से सड़क काटने की अनुमति मिली, जिसके बाद कार्य को हरी झंडी मिली। पाइपलाइन बिछने से जोधापुर, सोरिद, डाकबंगला,





विवेकानंद सहित 5–6 वार्डों को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से सीधे और नियमित जल आपूर्ति मिलेगी। गर्मी के मौसम में जल संकट से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। इसी क्रम में महापौर रामू रोहरा ने नगर निगम पर वर्षों से चले आ रहे 12.50 करोड़ रुपये के बिजली बकाया संकट पर भी बड़ी कार्रवाई की है। उनके सतत प्रयास से छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 6,34,97,590 की राशि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में लगे मोटर पंपों के लंबित बिजली देयकों के लिए सीधे समायोजित कर हस्तांतरित की गई। यह नगर निगम के इतिहास में बिजली मद में अब तक का सबसे बड़ा भुगतान माना जा रहा है।

इस भुगतान से वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट और एसटीपी के संचालन पर मंडरा रहा खतरा टल गया है और शहर की जल आपूर्ति को स्थायित्व मिला है। स्थानीय नागरिकों ने निर्णयों का स्वागत करते हुए महापौर का आभार जताया। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम की प्राथमिकता मूलभूत सेवाओं को मजबूत करना है और भविष्य में बकाया की स्थिति न बने, इसके लिए ठोस व्यवस्था की जाएगी।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# जिले में अब तक 55.51 लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासन द्वारा 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी अब अपने अंतिम चरण में है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा लगातार स्वयं मैदानी स्तर पर धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने धमतरी, मगरलोड एवं कुरूद विकासखंड के धान खरीदी केंद्र बठेना, भोथली, बगौद, भाठागांव, कोड़ेबोड़, कोकड़ी, करेलीबड़ी, कुंडेल, मगरलोड एवं बोरसी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने।

कलेक्टर श्री मिश्रा अब तक जिले के तकरीबन 40 धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने धान बेचने आए किसानों सीधे रू-ब-रू हुए। उनसे संवाद किया। उन्होंने टोकन कटने की स्थिति, किसानों द्वारा धान विक्रय, रकबा समर्पण, धान उठाव एवं भुगतान प्रक्रिया की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए



कि जिन किसानों के टोकन पूर्व में ही कट चुके हैं, उनका धान प्राथमिकता के आधार पर बिना किसी विलंब के खरीदा जाए। कलेक्टर ने कहा कि छोटे, सीमांत एवं वास्तविक किसानों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रकबा समर्पण एवं फसल सत्यापन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अवैध धान परिवहन, भंडारण तथा फर्जी बिक्री पर सख्त नियंत्रण के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा मिलीभगत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पहली बार धान विक्रय हेतु टोकन कटवाने वाले किसानों का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन किया जाए। सत्यापन के दौरान यदि फर्जी रकबा, अवैध धान बिक्री अथवा अन्य अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था, तौल प्रक्रिया एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि जिले की 74 उपार्जन समितियों के माध्यम से कुल 1,29,327 किसानों का 1,27,504.80 हेक्टेयर रकबा पंजीकृत किया गया है। 15 नवंबर 2025 से अब तक 1,16,388 किसानों से 55,51,317.6 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसकी कुल राशि 1,316.14 करोड़ रुपये है। इसके विरुद्ध 1,05,376 किसानों को 1,208.63 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### सिर्री में मां परमेश्वरी जयंती आज



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में देवांगन समाज ग्राम इकाई सिर्री द्वारा 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर मां परमेश्वरी की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। मां परमेश्वरी की पूजा- अर्चना सुबह 10 बजे से माता के सेवा गीतों के साथ की जायेगी। पश्चात प्रसादी वितरण होगा। यह जानकारी देवांगन समाज ग्राम इकाई सिर्री के अध्यक्ष हृदय देवांगन ने दी।

### राजपुर की मड़ई में आज रंग मया की प्रस्तुति

**नगरी।** ग्राम पंचायत राजपुर में शुक्रवार को पारंपरिक मेल मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए बालोद के रंग मया कोडेवा की प्रस्तुति होगी। सरपंच उत्तम नेताम ने बताया कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन से ग्रामीण परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ लोगों को स्वस्थ मनोरंजन का अवसर मिलता है

### सोरिद में 23 को मनेगा परमेश्वरी महोत्सव

**धमतरी।** सोरिद वार्ड में 23 जनवरी को देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दिन विविध कार्यक्रम होंगे। शांति चौक सोरिद वार्ड में कार्यक्रम आयोजित होगा। सुबह 9 बजे मां परमेश्वरी की स्थापना की जायेगी। समाज के प्रत्येक परिवार द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी। शाम 4 बजे कलशयात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### सामूहिक विवाह के लिए पंजीयन फॉर्म लिया



**नगरी।** ग्राम फरसियां निवासी लक्ष्मी ध्रुव ने अपनी बहन वर्षा ध्रुव (मरकाम) के लिए ध्रुव गोंड़ समाज जिला धमतरी द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह के लिए पंजीयन फॉर्म प्राप्त किया। लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि सामूहिक विवाह धन, समय व फिजूलखर्ची को रोकने का एक सशक्त मंच है जो किसी संजीवनी से कम नहीं है।

### मैनपुर में आज डीजे डांस



**नगरी।** बोराई मड़ई के अवसर पर ग्राम मैनपुर में नवयुवक समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आज राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से प्रतिभागी अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरस्कार 10,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 4,000 रुपये है। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 5,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3,000 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 2,000 रुपये रखा गया है। एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 1,500 रुपये प्रदान किए जाएंगे। नव युवक समिति के अध्यक्ष रतन नेताम, उपाध्यक्ष गुलशन ध्रुव, सचिव देवेंद्र धृतलहरे एवं कोषाध्यक्ष गजेंद्र पटेल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है।

तालाब की मेड़ फूटने से कृषि कार्य और आवागमन में हो रही परेशानी

# जान जोखिम में डालकर ग्रामीण कर रहे तालाब पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



वनग्राम गोविंदपुर के ग्रामीण जनदर्शन में पहुंचे और ग्राम से जुड़े एक गंभीर जनसमस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। ग्रामीणों ने बताया कि गोविंदपुर से बटनहरी-डोंगरडुला होते हुए नगरी मुख्यालय को जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित तालाब की मेड़ इस वर्ष बारिश के दौरान फूट गई थी, जिसे अब तक दुरुस्त नहीं किया गया है। दो बारिश समाप्त हो गई। इस वर्ष लगभग चार माह से अधिक का समय बीत चुका है, किंतु तालाब की क्षतिग्रस्त मेड़ की मरम्मत नहीं होने से आसपास के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पानी के बहाव से 5 से 6 किसानों की फसल पूर्व में ही बर्बाद हो चुकी है, वहीं लगातार दूसरे वर्ष भी मेड़ की स्थिति ठीक न होने के कारण किसान फसल लगाने में असमर्थ हैं।


गोविंदपुर ग्राम पंचायत की जनसंख्या 900 से अधिक है तथा आश्रित ग्राम नेगीनाला भी इसी तालाब मार्ग पर निर्भर है। ग्राम पंचायत से विकासखंड मुख्यालय की दूरी लगभग 19 किलोमीटर है और कृषि कार्यों सहित दैनिक आवागमन के लिए इसी मार्ग का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में तालाब मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण चारपहिया वाहनों का आवागमन बंद है, जबकि दोपहिया वाहन एवं साइकिल सवार जान जोखिम में डालकर तालाब की मेड़ से गुजरने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह तालाब निस्तारी उपयोग का भी है, जिससे पशुपालन और घरेलू कार्यों में भी परेशानी उत्पन्न हो रही है। प्रभावित क्षेत्र में किसी प्रकार की चेतावनी अथवा सूचना बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष कृषि विभाग के अधिकारी योगेन्द्र पैकरा ने तालाब का निरीक्षण किया था।

इस दौरान पूर्व सरपंच रोहित मरकाम, झुमुकलाल मरकाम, देवलाल मरकाम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने बताया कि अक्टूबर 2024 में कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से विधायक, जनपद पंचायत नगरी एवं संबंधित विभाग को तालाब की मरम्मत को लेकर आवेदन सौंपा गया था, किंतु अब तक समाधान नहीं हो पाया है। इस वर्ष भी भैयालाल नेताम, सुनीता नेताम एवं सुखबती नेताम सहित कुछ किसानों द्वारा फसल नहीं लगाई जा सकी।

पूर्व सरपंच रोहित मरकाम, झुमुकलाल मरकाम, प्रेमबाई नेताम, रायबाई, शोभाराम सलाम, दीपक नेताम, शीतल मरकाम, रतनीबाई सलाम, ज्योति नेताम, पीयूष कुमार, देवेश सलाम, पंचूलाल मरकाम, उत्तम सलाम, सुमन कुंजाम, दीपक मरकाम, पीयूष कोराम, महेंद्र ठाकुर, फूलचंद नेताम, अजय नेताम, आनंद नेताम एवं राजकुमार ने प्रशासन से तालाब की मेड़ की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

# रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर शहर हुआ राममय

- मंदिरों में हुआ पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन, सोनकर समाज ने निकाली अक्षत कलश यात्रा






हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर गुरुवार को धमतरी शहर पूरी तरह राममय नजर आया। शहर के प्रमुख मंदिरों और वार्डों में दिनभर धार्मिक आयोजनों की धूम रही। मंदिरों में पूजा-पाठ, आरती, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया।

हनुमान मंदिर स्थित रामजानकी मंदिर, मठ मंदिर परिसर, किले के श्रीराम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भगवान का भव्य श्रृंगार कर भोग अर्पित किया गया। भक्तों ने उपवास रखकर भजन-कीर्तन किए और प्रसादी वितरण किया। किले के हनुमान मंदिर में स्थापित भगवान श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष विशेष आयोजन हुआ। पंडित सुरेश शर्मा के अनुसार सुबह भगवान का अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। महाआरती के बाद छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा दिनभर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा और रामचरितमानस पाठ चला।

इस अवसर पर सोनकर समाज द्वारा भव्य अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत सोनकर समाज भवन रामबाग से हुई, जो बाजे-गाजे के साथ शहर भ्रमण करते हुए घड़ी चौक पहुंची। वहां भगवान श्रीराम की सामूहिक आरती कर पूजा-अर्चना की गई। महिलाएं, पुरुष और बच्चे भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम के जयघोष के साथ शामिल हुए।

सोनकर समाज के अध्यक्ष संतोष सोनकर ने कहा कि यह दिन पूरे देश के लिए गौरव और आनंद का है। जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने इसे सनातन एकता को सुदृढ़ करने वाला आयोजन बताया। शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे शहर में दिनभर उत्सव और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

# जोरातराई में आज से मानस सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ग्राम जोरातराई सिलौटी में 23, 24 एवं 25 जनवरी को मानसगान सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ आज शाम 6 बजे मुख्य अतिथि श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद, सरपंच श्रीमती प्रीति साहू, पूर्व सरपंच श्रीमती सविता गंजीर करेंगे। आज प्रथम पुष्प के रूप में श्रद्धा महिला मानस मंडली ओझागहन एवं द्वितीय पुष्प के रूप में छग खजुराहो भोरमदेव मांस मंडली कवर्धा की प्रस्तुति होगी। 24 जनवरी को सरस्वती महिला मानस मंडली सनौद (पलारी), पीयूष मानस परिवार नवागांव (कंडेल), आराधना मानस परिवार बटरेल, सत्संग मानस मंडली,हसदा नं. 1, निकेतन मानस परिवार नेवारीखुर्द (बालोद), सरगम मानस परिवार हंचलपुर, श्रीराम मानस परिवार, कोनीआमा की मानस मंडलिया अपनी प्रस्तुति देंगे।

25 जनवरी को समापन अवसर के मुख्य अतिथि नीलम चंद्राकर जिला पंचायत सदस्य धमतरी होंगे। इस दिन ज्ञान अमृत महिला मानस मंडली जोरातराई, अनुसुईया महिला मानस मंडली गुजरा (भखारा), श्रीराम मानस मंडली ढाबाडीह (हल्दी), भगवती मानस मंडली सेनचुवा (छाती), सरस्वती महिला मानस मंडली अहिबरन नवागांव, हरि ओम शिशु मानस मंडली चोरभठ्ठी की प्रस्तुति होगी।

इस दिन विभिन्न विभूतियों को ग्राम गौरव सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। समापन अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी ऋषि कुमार साहू के सहयोग से रात्रि में मुरली मनोहर छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कचांदूर की प्रस्तुति होगी।

पुलिस ने आरोपियों के चंगुल से 16 गौवंश को छुड़ाया

# गौ तस्करी करते 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। थाना सिहावा ने अवैध गौ-तस्करी के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 16 गौवंश को सुरक्षित मुक्त कराया है।

सिहावा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति गौवंश की अवैध तस्करी कर उन्हें उड़ीसा की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। मौके पर पुलिस ने पाया कि आरोपी 10 गाय, 4 बछड़े एवं 2 बछियों को रस्सियों से बांधकर, बिना दाना-पानी के क्रूरतापूर्वक डंडों से मारते हुए जबरन हांककर ले जा रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की, किंतु वे गौवंश की खरीदी-बिक्री अथवा परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उक्त गौवंश को रायघर (उड़ीसा) के पशु बाजार में विक्रय करने हेतु ले जाया जा रहा था।

कार्रवाई के दौरान आरोपी सुकनाथ चतुर्वेदी द्वारा प्रयुक्त मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर क्रमांक ओडी 24-एल -3202 को भी जप्त किया गया।

इस मामले में थाना सिहावा में धारा 4, 6 एवं 10 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में उष्तम मधुमंखी (23), सुकनाथ चतुर्वेदी (30), सूरज बघेल (20) निवासी रायघर, जिला नवरंगपुर (उड़ीसा) तथा लोकेश्वर सोनबेर (23), विजय सेवई (30) एवं कृष्णा सेवई (54) निवासी छिपलीपारा थाना नगरी जिला धमतरी शामिल हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

# दो स्कूल के प्राचार्यों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने प्रस्ताव भेजा

- कलेक्टर ने 13 जनवरी को सेमरा बी और छाती स्कूल का किया था निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के दो प्राचार्यों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उनकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि (असंचयी प्रभाव से) रोकने का प्रस्ताव भेजा है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने 13 जनवरी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरा बी (विकासखंड कुरूद) तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छाती (विकासखंड-धमतरी) का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान दोनों विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम निराशाजनक पाए गए। साथ ही प्राचार्य छात्र-छात्राओं के वास्तविक परिणामों की स्पष्ट जानकारी देने में असमर्थ रहे। आगामी वार्षिक परीक्षा की तैयारियां भी मानक स्तर की नहीं पाई गईं। इन गंभीर कमियों को देखते हुए कलेक्टर ने श्रीमती अंजना दुबे प्राचार्य शाउमावि सेमरा बी तथा चैनदास रात्रे प्राचार्य शाउमावि छाती की एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का प्रस्ताव संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर को प्रेषित किया है।

### सलोनी क्षेत्र के किसान आज करेंगे आंदोलन



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सलोनी धान खरीदी केंद्र के चार गांव सलोनी, दरगहन, छुही व साल्हेभाट के किसान आज 23 जनवरी शुक्रवार को धान खरीदी केंद्र सलोनी के पास उग्र आंदोलन करेंगे। इस सबंध में किसान संघ की बैठक आयोजित कर जिलाधीश एवं पुलिस कप्तान तथा थाना केरेगांव में आंदोलन प्रदर्शन की सूचना दी गई है। किसान सेवकराम साहू, जीवनलाल साहू, सुशील कुमार ने कहा कि किसानों का पूरा धान खरीदा जाए जिसका टोकन नहीं कटा है , उसे टोकन जारी किया जाए। इस क्षेत्र के कई किसानों का धान रिजेक्ट किया गया है, उसे खरीदा जाए। इन मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर महेंद्र उईके, भरतलाल, झनकेश्वर साहू, हीरालाल, लुकेश्वर, द्वारिका सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

# अग्निवीर भर्ती रैली में 4371 युवाओं को दौड़ में मिली सफलता

- 10 से 22 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में आयोजित हुई भर्ती, 6330 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सेना भर्ती कार्यालय रायपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा 10 जनवरी से 22 जनवरी तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया गया। यह भर्ती प्रक्रिया ऑनलाइन लिखित परीक्षा के बाद शारीरिक एवं चिकित्सा परीक्षण के दूसरे चरण के रूप में संपन्न हुई।

भर्ती रैली में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों से आए युवाओं ने भाग लिया। अभ्यर्थियों ने अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी), अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं एवं दसवीं पास), अग्निवीर तकनीकी तथा अग्निवीर लिपिक ट्रेड में अपने कौशल और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। युवाओं में भर्ती को लेकर खासा उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक जज्बा देखने को मिला।

आयोजन के दौरान कुल 6330 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें से 4371 युवाओं ने दौड़ परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। शारीरिक दक्षता परीक्षण में युवाओं ने अनुशासन, दृढ़ता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। जिला प्रशासन एवं सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के बेहतर समन्वय के चलते भर्ती प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों के लिए किए गए सुव्यवस्थित प्रबंधों से युवाओं को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। भर्ती प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सेना भर्ती कार्यालय रायपुर और नगर निगम धमतरी के सहयोग से इंडोर स्टेडियम परिसर की साफ-सफाई की गई।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## तृतीय पुण्यतिथि



स्वर्गवास
23.01.2023

पुण्यतिथि
23/01/2026

**स्व. राधेश्याम जी शर्मा**
(पूर्व विधायक भाटापारा)
(पूर्व अध्यक्ष - जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर)

आदरणीय पिता जी जो जीवन आपने जिया, वही आपकी पहचान है।
कर्तव्य, ईमानदारी और सेवा का जो मार्ग आपने दिखाया
वही हमारी सबसे बड़ी विरासत है। **आपको शत शत नमन...**
**आपकी स्मृतियां आशीर्वाद के रूप मे सदैव हमारे साथ रहे...**

आज ही के दिन हमारे पिताजी
**स्व. श्री राधेश्याम जी शर्मा** ब्रम्हलीन हो गये थे।
समस्त परिवारजन एवं शुभचिंतकों के द्वारा आपको **भावपूर्ण श्रद्धांजलि** अर्पित करते है।

श्रद्धानवत्

**लक्ष्मीनारायण शर्मा,**
**अशोक शर्मा, मनोज शर्मा,**
**विजय शर्मा (भतीजे)**
**एवं समस्त कलावटिया परिवार**
**रायपुर (छ.ग.)**

फर्म- माँ मौवली राईस इंडस्ट्रीज रायपुर

**राजेश शर्मा (पुत्र)**
पूर्व अध्यक्ष- जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक रायपुर
पूर्व सभापति जिला पंचायत रायपुर
**अमित शर्मा (बंटी) (पुत्र)**
पूर्व अध्यक्ष, जनपद पंचायत भाटापारा
**रेणु शर्मा- राकेश शर्मा** (बेटी - दामाद)
**डॉ. मोना शर्मा - डॉ. सुरेन्द्र शर्मा** (बेटी-दामाद)
**युवराज, रघुराज (पौत्र)**

धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाने, रकबा समर्पण पर रोक लगाने की मांग

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन सौंपकर कहा है कि किसान चोर-उचक्के नहीं हैं जबरदस्ती रकबा समर्पण कराया जा रहा है। कांग्रेसियों ने कहा कि व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने महासमुंद, कोरबा जैसे जिलों में चूहों के नाम पर हुए करोड़ों के धान घोटाले वाली घटना दोबारा न हो, इसके लिए चूहा पकड़ने का पिंजरा लेकर पहुंचे थे।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती तारिणी चन्द्राकर के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट में प्रदर्शन किया। कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा है कि धान खरीदी सत्र की शुरूआत से भारी अव्यवस्था का शिकार है। किसानों को कभी टोकन जारी नहीं होने, कभी खरीदी सीमा की लिमिट घटाने और खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसान अपनी उपज बेचने महीनों से भटक रहे हैं। खरीदी प्रक्रिया को सुगम बनाने की बजाय भौति सत्यापन के नाम पर किसानों की ईमानदारी पर प्रश्न चिन्ह लगाया जा रहा है। छोटे किसानों पर रकबा समर्पण के लिए चोरी का आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कई छोटे किसान हैं जिनके द्वारा लिमिट कम होने की परिस्थिति में जानकारी के अभाव के कारण धान बेचने के निर्धारित लक्ष्य से कम मात्रा का 2 टोकन काट लिया गया था। ऐसे किसान अब अपनी बचत का धान बेचने से वंचित हो रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि खरीदी सत्र समाप्त होने में कुछ ही दिन शेष है। अब तक 85 से 87 प्रतिशत धान की खरीदी हो पाई है। खाद, बिजली पानी के लिए पहले से संघर्ष कर रहे किसानों को उपज बेचने के समय भी प्रताड़ित किया जा रहा है। यह सीधे तौर पर किसानों के साथ अन्याय है। कमेटी ने मांग की है कि किसानों पर रकबा समर्पण के लिए प्रशासनिक दबाव पर रोक लगाने, खरीदी केन्द्रों में लिमिट बढ़ाने, छोटे किसानों की टोकन विसंगतियों को दूर करने तथा धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाया जाए।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर, पूर्व विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, जिपं सदस्य कविता बाबर, ब्लाक अध्यक्ष खिलेन्द्र ध्रुव, योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, पूर्व जिपं सभापति मीना बंजारे, जिला सचिव विक्रांत पवार, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, उदय गुरू, प्रणय बच्चन सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर में आज मनेगा तिलकोत्सव

**धमतरी।** बसंत पंचमी पर किले के श्री बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर इतवारी बाजार में बाबा का तिलकोत्सव कार्यक्रम रखा गया है। ट्रस्टी मुकेश सुखवानी ने कहा कि बसंत पंचमी केवल बसंत के स्वागत का पर्व नहीं, यह बाबा बुढ़ेश्वर महादेव के शगुन और मांगलिक अनुष्ठानों की शुरुआत का प्रतीक मानी जाती है। इस वर्ष तिलकोत्सव की रस्म क़लि के श्री बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर में धूमधाम से बनाया जायेगा।

## भठेली में मानसगान सम्मेलन आज से, मड़ई 26 को

**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा एवं बस्ती पंचायत भठेली के तत्वावधान में 23 से 25 जनवरी तक मानसगान सम्मेलन एवं 26 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जय अम्बे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी नीचे कोहड़ा अम्बागढ़ चौकी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देवेंद्र सेन, नीरज निषाद, सोमेन्द्र साहू ने दी।

# प्रभु श्रीराम संस्कार, सभ्यता और शाश्वत संबंधों के संवाहक : प्रीतेश





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ बोड़रा (डी) के मार्केट धाम में आयोजित राम दरबार मंदिर निर्माण उत्सव में भाजपा नेता हुए शामिल

मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण की हिंदी तिथि पौष मास शुक्ल पक्ष द्वादशी के उपरांत अंग्रेजी तिथि 22 जनवरी पर जिले सहित अंचल में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने समाज की सुख-शांति, समृद्धि और सद्भाव के लिए प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की। श्री गांधी ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु श्रीराम केवल आराध्य देव नहीं हैं, बल्कि वे भारतीय संस्कृति, संस्कार, मर्यादा और शाश्वत संबंधों के संवाहक हैं। उनके आदर्श आज भी समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास और नव-निर्माण की राह पर अग्रसर है और विश्व पटल पर एक सशक्त पहचान बना रहा है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण इसी सांस्कृतिक पुनर्जागरण का सजीव प्रमाण है। लगभग 500 वर्षों तक टेंट में विराजमान रहने के पश्चात प्रभु श्रीराम अपने दिव्य और भव्य मंदिर में विराजित होकर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बने हैं। इसी क्रम में बोड़रा (डी)के मार्केट धाम परिसर स्थित भगवान राम दरबार मंदिर के निर्माण का वार्षिक उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। अवसर पर संत समागम, विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल गांव की गलियों में निकाली गई कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन में प्रीतेश गांधी, निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, समाजसेवी योगेश गांधी, बजरंगदास, प्रवीण साहू, राजेश्वर साहू, रामकृष्ण निषाद, सोमनाथ ध्रुव, देवेंद्र मंडावी, संत सीताराम, पन्नालाल साहू, राजेंद्र साहू, रामचरण, तारक, गोपीकिशन साहू, ताराचंद पाल, पवन यादव सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित थे।




# बेलरगांव में मड़ई महोत्सव 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

आदर्श ग्राम पंचायत बेलरगांव में इस वर्ष भी 29 जनवरी को मड़ई महोत्सव का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन हेतु डीजे डांस प्रतियोगिता होगी। यह आयोजन जय मां संघर्ष समिति अमलीपारा व ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

### रात्रि में होगी राज्यस्तरीय डांस प्रतियोगिता

सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 15000, व्दितीय 11000, तृतीय 8000, चतुर्थ 6000, पंचम 4000, षष्टम पुरस्कार 2000 रूपये दिया जायेगा। युगल डांस में प्रथम 5000, व्दितीय 4000, तृतीय 3000,चतुर्थ 2000, पंचम 1000, एकल डांस में प्रथम पंचम 3000 ,द्वितीय 2000, तृतीय 1500, चतुर्थ 1000, पंचम पुरस्कार 500 रूपये दिया जायेगा। प्रतियोगिता में बेस्ट डांस ,बेस्ट वेशभूषा, बेस्ट अनुशासन एवं भाव पक्ष पर आकर्षक पुरस्कार समिति की ओर से प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी आयोजक समिति के अध्यक्ष सोमेश कश्यप ने दी।







